

हिंदी दैनिक खबर

हर पल, हमारी खबर

# केशववाणी

रविवार 29 मार्च 2026 बर्ष 02 अंक 86 पृष्ठ 4 www.keshavtv24.com Email:keshavtvbihar@gmail.com


**अनमोल वचन**

"हार मत मानो, क्योंकि हर सुबह नई उम्मीद लेकर आती है।" "जो गिरकर भी उठे, वही असली विजेता कहलाता है।" "छोटे कदम भी बड़े सपनों तक पहुंचाते हैं।"

## नालंदा विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह को लेकर चल रही व्यापक तैयारी

### प्रदर्शनी होंगी प्रमुख आकर्षण का केन्द्र

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** नालंदा विश्वविद्यालय के दूसरे दीक्षांत समारोह में महामहिम राष्ट्रपति का आगमन होना है। इसको लेकर परिसर में विशेष तैयारी चल रही है। समारोह के प्रमुख आकर्षणों में 'सहभागिता संवाद' पहल के अंतर्गत संकल्पित और संयोजित 'सहभागिता प्रदर्शनी' विशेष रूप से होगी। विश्वविद्यालय की संवाद, समावेशिता और सहभागी विकास के प्रति प्रतिबद्धता को सशक्त रूप से

प्रतिबिंबित करती यह प्रदर्शनी विभिन्न विषयगत स्टॉलों के माध्यम से अपनी प्रस्तुति देगी। प्रदर्शनी नालंदा विश्वविद्यालय के आसपास के गांवों के साथ उसके गहरे और जीवंत जुड़ाव को रेखांकित करेगी। इसमें महिलाओं, किसानों, शिक्षकों, विद्यार्थियों और समुदाय के अन्य सदस्यों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई सहभागिता' पहल लगातार कौशल विकास कार्यक्रम चला रही है। स्वयं सहायता समूहों को मजबूत बना रही है। सतत विकास लक्ष्यों को स्थानीय स्तर पर लागू करने पर काम कर रही है। जमीनी स्तर पर सबको साथ लेकर विकास को बढ़ावा मिल रहा है। प्रदर्शनी में हस्. तनिर्मित उत्पादों, आजीविका में हुए सक. ारात्मक परिवर्तनों के दृश्य दस्तावेजों और संकाय तथा विद्यार्थियों के शोध निष्कर्षों का प्रस्तुतीकरण किया जाएगा।



इसके अतिरिक्त, नालंदा विश्वविद्यालय के विद्यार्थी आसपास के गांवों के सांस्कृतिक मानचित्रण पर अपने उस कार्य का प्रस्तुतीकरण करेंगे, जिसे व्यापक सराहना और महत्वपूर्ण पहचान मिली है। यह कार्य क्षेत्र की समृद्ध विरासत को प्रभावी ढंग से उभारते हुए नालंदा की सभ्यतागत महत्ता को वैश्विक सांस्कृतिक परिप्रेक्ष्य में सुदृढ़ रूप से स्थापित करने में योगदान दे रहा है। विद्यार्थी पारंपरिक 'अहर–पाइन' जल प्रबंधन प्रणाली का भी प्रस्तुतीकरण करेंगे, जिसने विश्वविद्यालय के नेट–जीरो परिसर में सतत जल संरक्षण की अवधारणा को प्रेरित किया है। साथ ही, यह चयनित समुदाय प्रतिनिधियों को राष्ट्रपति के साथ संवाद का एक विशिष्ट अवसर भी प्रदान करेगी। विश्वविद्यालय परिसर में आयोजन से संबंधित सिविल और सौंदर्यीकरण का कार्य अंतिम चरण में है। जिला प्रशासन के साथ समन्वय में नियमित सुरक्षा समीक्षा बैठकों के माध्यम से कार्यक्रम की सुचारु एवं गरिमामय व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है।

## गिरमिटिया विरासत पर नालंदा विश्वविद्यालय में दो–दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मंथन शुरु

### वैश्विक शैक्षणिक संवाद को सशक्त करने की आवश्यकता – श्याम परांडे




**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** नालंदा विश्वविद्यालय में शनिवार को "गिरमिटिया पहचान का पुनर्स्मरण: अतीत, वर्तमान और भविष्य" विषय पर दो–दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन हाइब्रिड माध्यम से शुरू हुआ। इस सम्मेलन का संयुक्त आयोजन अंतरराष्ट्रीय सहयोग परिषद(एआरएसपी) तथा डायस्पोरा रिसर्च एंड रिसोर्स सेंटर द्वारा विदेश मंत्रालय के सहयोग से नालंदा विश्वविद्यालय के साथ मिलकर किया जा रहा है। उद्घाटन सत्र में भाग लेते हुए एआरएसपी के महासचिव श्याम परांडे ने गिरमिटिया विरासत से पुनः जुड़ने तथा भारतीय प्रवासी समुदाय पर वैश्विक शैक्षणिक संवाद को सशक्त करने की आवश्यकता पर बल दिया। एआरएसपी के सचिव गोपाल अरोड़ा ने सम्मेलन की विषय–वस्तु प्रस्तुत करते हुए गिरमिटिया पहचान के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं राजनीतिक आयामों पर प्रकाश डाला। गुयाना गणराज्य के उच्चायुक्त महामहिम धरम कुमार सीराज ने गिरमिटिया श्रमिकों की विरासत और उनके वंशजों के समकालीन समाजों में महत्वपूर्ण योगदान को रेखांकित किया। उन्होंने गुयाना को वि. विधता में एकता का जीवंत उदाहरण बताया। जेएनयू के पूर्व रेक्टर अजय दुबे ने भारतीय प्रवासी समुदाय में नेतृत्व और विविधता पर विचार व्यक्त करते हुए बताया कि गिरमिटिया वंशज आज वैश्विक स्तर पर महत्वपूर्ण नेतृत्वकारी भूमिका निभा रहे हैं। ऑनलाइन के माध्यम से फिजी के पूर्व उप प्रधानमंत्री बिमान प्रसाद ने गिरमिटिया समुदाय के वैश्विक महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसके इतिहास और पहचान पर निरंतर शैक्षणिक एवं संस्थागत समर्थन की आवश्यकता पर बल दिया। ऑनलाइन से त्रिनिदाद और टोबैगो से चंद्रदत्त सिंह ने गिरमिटिया समुदाय के प्रति भारत की बदलती सहभागिता पर विचार साझा करते हुए सांस्कृतिक पुनर्संपर्क, संस्थागत सहयोग और विरासत संरक्षण के प्रयासों को रेखांकित किया। प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार से सम्मानित सरिता बूधू ने नालंदा विश्वविद्यालय के पुनरुद्धार और उसके प्रती. कात्मक महत्व पर विचार रखते हुए इसे प्रवासन और पहचान के व्यापक विमर्श से जोड़ा। एआरएसपी के अध्यक्ष विनोद कुमार ने पीढ़ियों के बीच पहचान के प्रश्न पर विचार करते हुए पूर्वजों के त्याग और मूल्यों के हस्तांतरण को रेखांकित किया। सत्र की अध्यक्षता नालंदा विश्वविद्यालय के कुलपति सचिन चतुर्वेदी ने की। उन्होंने गिरमिटिया इतिहास और पहचान पर गहन शोध की आवश्यकता पर बल देते हुए तकनीक के माध्यम से वंशावली संबंधों को पुनर्स्थापित करने की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। यह सम्मेलन विश्वभर में फैले गिरमिटिया समुदाय के ऐतिहासिक विकास, बदलती पहचान और भविष्य की दिशाओं पर विमर्श का एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करता है। इसमें विद्वान, राजनयिक, नीति–निर्माता एवं सामुदायिक प्रतिनिधि सहभागी हो रहे हैं। सम्मेलन के दूसरे दिन विभिन्न विषयगत सत्रों के माध्यम से गिरमिटिया इतिहास, पहचान, सांस्कृतिक निरंतरता और समकालीन चुनौतियों पर विस्तृत चर्चा होगी।

## बिहार ओपन फिडे रेटिंग शतरंज : आठवें राउंड के बाद ग्रैंडमास्टर पीटर क्रियाकोव शीर्ष पर, खिताब की जंग रोमांचक

**केशववाणी रानी सिन्हा की रिपोर्ट पटना (बिहार) ।** बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, खेल विभाग, बिहार सरकार एवं अखिल बिहार शतरंज संघ के संयुक्त तत्वावधान में कंकड़बाग स्थित पाटलिपुत्र खेल परिसर में चल रही बिहार ओपन फिडे रेटिंग शतरंज प्रतियोगिता में आठवें चक्र के बाद मुकाबला बेहद रोमांचक हो गया है।

ग्रैंडमास्टर पीटर क्रियाकोव 7.5 अंकों के साथ अकेले शीर्ष स्थान पर बने हुए हैं, जबकि 7 अंकों के साथ पांच खिलाड़ी संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं। आठवें राउंड में पीटर क्रियाकोव ने बंगाल के परमब्रता सरकार के खिलाफ निम्जो इंडियन डिफेंस में सफेद मोहरों से खेलते हुए मुकाबला ड्रॉ किया। शुरुआती गलती का आभास होने पर

उन्होंने ड्रॉ ऑफर स्वीकार कर लिया। दूसरे बोर्ड पर आलेख्य मुखोपाध्याय और आशुतोष कुमार के बीच कैरो–कैन डिफेंस में खेला गया मुकाबला 70 चालों के बाद ड्रॉ रहा। तीसरे बोर्ड पर महाराष्ट्र के इंद्रजीत महिंद्रकर ने रैपर्ट जुबावा सिस्टम से खेलते हुए बिहार के शुभम कुमार को 28 चालों में हराकर 7 अंकों के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर जगह बनाई। चौथे बोर्ड पर बिहार के पीयूष कुमार और बंगाल के अभ्रोज्योति नाथ के बीच इटालियन ओपनिंग में खेली गई बाजी 60 चालों के बाद अनिर्णीत रही। वहीं पांचवें बोर्ड पर नेपाल के राष्ट्रीय चौंपियन रूपेश जायसवाल ने सिसिलियन डिफेंस में 65 चालों की लंबी बाजी में शैलेन्द्र न्यूपाने को हराकर 7 अंकों के साथ संयुक्त दूसरे स्थान पर अपनी स्थिति मजबूत की। प्रतियोगिता का अंतिम चक्र रविवार सुबह 9:30 बजे से खेला जाएगा, जबकि पुरस्कार वितरण समारोह अपराह्न 4 बजे आयोजित होगा। समारोह में बिहार सरकार के शिक्षा मंत्री सुनील कुमार मुख्य अतिथि एवं खेल मंत्री श्रेयसी सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगी।

**शीर्ष मुकाबलों के प्रमुख परिणाम**





पीटर क्रियाकोव और परमब्रता सरकार के बीच मुकाबला ड्रॉ रहा। आलेख्य मुखोपाध्याय व आशुतोष कुमार ने भी अंक बांटे। इंद्रजीत महिंद्रकर, रूपेश जायसवाल, पृथ्वी शर्मा और सुंदरम कुमार ने अपने – अपने मुकाबले जीतकर बढ़त बनाई। वहीं कई अन्य मुकाबले भी ड्रॉ या जीत–हार के साथ रोचक रहे। प्रतियोगिता के दूसरे चक्र में सहरसा के मात्र 6 वर्षीय खिलाड़ी रुद्र प्रताप ने जिम्बाब्वे के अंतरराष्ट्रीय मास्टर मोमंबे कुदाजनई को ड्रॉ पर रोककर सभी को चौंका दिया। रुद्र ने बेखौफ खेल दिखाते हुए शानदार प्रदर्शन किया और अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

**एक ही परिवार की तीन पीढ़ियां मैदान में**

इस प्रतियोगिता की एक खास बात यह भी है कि लखीसराय के बड़हिया निवासी कमल किशोर सिंह, उनकी पुत्री सुष्मिता कुमारी, नाती वैभव आनंद और नतिनी वैष्णवी एक साथ प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। वैभव आनंद राज्य अंडर–7 आयु वर्ग के विजेता भी रह चुके हैं। प्रतियोगिता में देश–विदेश के खिलाड़ियों की भागीदारी से खेल का स्तर ऊंचा रहा और अंतिम राउंड को लेकर रोमांच चरम पर है।


अपने क्षेत्र की खबर भेजने और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें

7033325120



# बिहार हॉकी टीम चयन ट्रायल 30 मार्च को राजगीर में, सब जूनियर नेशनल चौंपियनशिप के लिए होगी खिलाड़ियों की तलाश

## राजगीर और रांची में होने वाली नेशनल चौंपियनशिप के लिए बिहार हॉकी टीम का चयन शुरू

**केशववाणी रानी सिन्हा की रिपोर्ट पटना (बिहार)** । बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पाटलिपुत्र खेल परिसर, कंकड़बाग, पटना द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार बिहार हॉकी पुरुष एवं महिला टीम के लिए खिलाड़ियों का चयन ट्रायल 30 मार्च को सुबह 7 बजे राजगीर स्पोर्ट्स अकादमी में आयोजित किया जाएगा। यह चयन प्रक्रिया 1 से 12 अप्रैल 2026 तक आयोजित होने वाली 16वीं सब जूनियर मेन नेशनल चौंपियनशिप (राजगीर) एवं 16वीं सब जूनियर वुमेन नेशनल चौंपियनशिप (रांची) में भाग लेने वाली बिहार टीम के गठन के लिए की जा रही है। इस संबंध में जानकारी देते हुए बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक सह मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री रवीन्द्रण शंकरण ने बताया कि चयन ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की आयु 16 वर्ष से कम होनी चाहिए। आयु सीमा के लिए कट–ऑफ तिथि 1 जनवरी 2010 निर्धारित की गई है।



चयन ट्रायल में शामिल होने वाले खिलाड़ियों को अपने साथ आवश्यक दस्तावेज लाना अनिवार्य होगा, जिनमें आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र एवं उम्र प्रमाण के लिए मेडिकल टेस्ट (एज वेरिफिकेशन टेस्ट) शामिल हैं। हालांकि, जो खिलाड़ी पहले से हॉकी इंडिया में पंजीकृत हैं, उन्हें एज वेरिफिकेशन टेस्ट कराने की आवश्यकता नहीं होगी, वे पहचान पत्र के आधार पर भाग ले सकते हैं।इच्छुक खिलाड़ियों को निर्देश दिया गया है कि वे सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ 30 मार्च को सुबह 7 बजे तक राजगीर स्पोर्ट्स अकादमी के हॉकी ग्राउंड में अनिवार्य रूप से उपस्थित हों।

# भगवान महावीर की 2625वीं जयंती पर कुंडलपुर महोत्सव का आयोजन, रथ यात्रा और महोत्सव में जुटेंगे देशभर के श्रद्धालु

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट कुंडलपुर (नालंदा)।** भगवान महावीर की 2625वीं जयंती के पावन अवसर पर कुंडलपुर में इस वर्ष भी भव्य आयोजन होने जा रहा है। जिला प्रशासन नालंदा, बिहार सरकार के पर्यटन विभाग एवं कुंडलपुर दिगंबर जैन समिति के संयुक्त तत्वावधान में 30 और 31 मार्च 2026 को आयोजित कुंडलपुर महोत्सव–2026 धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से विशेष आकर्षण का केंद्र बनेगा। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातःकाल ध्वजारोहण के साथ होगी, जिसके बाद कुंडलपुर से नालंदा म्यूज़ियम तक भव्य रथ यात्रा निकाली जाएगी। इस यात्रा में बड़ी संख्या में पुरुष, महिलाएं और बच्चे शामिल होंगे तथा भगवान महावीर के अहिंसा के संदेश का प्रचार–प्रसार करेंगे। रथ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद स्वरूप लगभग दो क्विंटल से अधिक लड्डुओं का वितरण किया जाएगा। महोत्सव के दौरान भगवान महावीर विश्व शांति मंदिर में पंचामृत से अभिषेक एवं शांति धारा का आयोजन किया जाएगा, जिससे विश्व में अहिंसा और शांति की कामना की जाएगी। साथ ही भगवान ऋषभदेव मंदिर एवं नवग्रह शांति मंदिर में भी विशेष पूजा–अर्चना होगी। देशभर से श्रद्धालुओं के इस आयोजन में शामिल होने की संभावना है। दिल्ली, राजस्थान, आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और लखनऊ सहित विभिन्न राज्यों से श्रद्धालु विशेष ट्रेनों के माध्यम से कुंडलपुर पहुंच रहे हैं। इस अवसर पर बिहार सरकार के कई मंत्री और जनप्रतिनिधि भी शामिल होंगे। महोत्सव के अंतर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी विशेष आयोजन किया गया है। 30 मार्च को शाम 4:45 बजे मुख्य अतिथि के आगमन के बाद शाम 6 बजे से सांस्कृतिक संध्या का आयोजन होगा, जिसमें जैन भजन गायक सत्य प्रकाश, शशांक एंड ग्रुप द्वारा लोक एवं शास्त्रीय नृत्य तथा सुमित श्री बाबा की प्रस्तुति होगी। वहीं 31 मार्च को प्रातः नित्य अभिषेक पूजन एवं विश्व शांति महावीर मंडल विधान के बाद शाम 6 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंग।



जिसमें सौम्या मिश्रा, हर्षप्रीत कौर तथा कुमार गौरव संस्थान एवं नालंदा संगीत कला विकास संस्थान, पटना द्वारा नृत्य–नाटिका प्रस्तुत की जाएगी। इसके अलावा स्थानीय कलाकारों और विद्यालयों के बच्चों द्वारा पेंटिंग, वाद–विवाद, निबंध और चित्रकला प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी, जिनका संचालन जिला प्रशासन द्वारा किया जाएगा। कुंडलपुर दिगंबर जैन समिति के मंत्री विजय कुमार जैन ने सभी श्रद्धालुओं और नागरिकों से अपील की है कि वे इस पावन अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर भगवान महावीर के सिद्धांतों को आत्मसात करें और इस ऐतिहासिक आयोजन का हिस्सा बनें।






# दुर्गा पूजा पर भगवती जागरण का भव्य आयोजन, मंत्री श्रवण कुमार ने किया उद्घाटन

**केशववाणी रानी सिन्हा की रिपोर्ट इस्लामपुर (नालंदा)।** दुर्गा पूजा के पावन अवसर पर खुदागंज बाजार स्थित दुर्गा स्थान मंडप परिसर में शुक्रवार की देर संध्या भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम 'भगवती जागरण' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन ग्रामीण विकास एवं परिवहन मंत्री श्रवण कुमार ने लाल फीता काटकर किया। उद्घाटन के बाद श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए मंत्री श्रवण कुमार ने मां दुर्गा को नमन करते हुए क्षेत्र, जिला एवं प्रदेश की सुख–समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर है और इस विकास में माताओं–बहनों एवं महिलाओं की सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। बिना महिलाओं की भ. ागीदारी के विकास अधूरा है। मंत्री ने कहा कि 20 वर्ष पूर्व राज्य में बिजली, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और विधि–व्यवस्था की स्थिति चिंता. जनक थी। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि पहले बिजली के खंभे तो होते थे, लेकिन तार नहीं रहते थे, और यदि तार होते थे तो बिजली नहीं रहती थी। लेकिन आज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य सरकार ने हर घर तक निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की है। उन्होंने आगे कहा कि अब स्कूलों में भवन, शिक्षक और नियमित पढ़ाई की व्यवस्था है। अस्पतालों में जांच, दवाइयां और चिकित्सक व नर्सिंग स्टाफ मुस्तैदी से मरीजों का इलाज कर रहे हैं। पहले सड़कें गड्ढों में तब्दील थीं, लेकिन अब गांव–गांव तक सड़क संपर्क बेहतर हुआ है, जिससे आवागमन सुगम हुआ है। विधि–व्यवस्था में भी उल्लेखनीय सुधार हुआ है।मंत्री ने बताया कि राज्य सरकार सभी घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को प्रति माह 125 यूनिट तक निःशुल्क बिजली उपलब्ध करा रही है और रियायती दर पर लगातार बिजली आपूर्ति जारी है। इस अवसर पर भाजपा जिला किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष महेंद्र सिंह यादव ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लोगों से शांतिपूर्ण ढंग से भगवती जागरण का आनंद लेने और कलाक. ारों का उत्साहवर्धन करने की अपील की। कार्यक्रम में पूर्व विधायक चंद्रसेन प्रसाद, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी श्याम कुमार निर्मल, मुकेश कुमार (एलआईसी), पूर्व मुखिया बृजनंदन यादव, अखिलेश यादव, जदयू नेता आनंद कुमार, पैक्स अध्यक्ष उमेश यादव सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस मौके पर दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।




# तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने बाइक को मारी टक्कर युवक गंभीर रूप से घायल, पावापुरी रेफर

**केशववाणी गुड्डु कुमार की रिपोर्ट इस्लामपुर (नालंदा)।** इस्लामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत इस्लामपुरदृपटना मुख्य सड़क मार्ग पर रतनपुरा गांव के समीप एक अनियंत्रित स्कॉर्पियो ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को इलाज के लिए इस्लामपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) लाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए पावापुरी रेफर कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल युवक की पहचान इस्लामपुर थाना क्षेत्र के इचहोस गांव के तकिया टोला निवासी चंद्रिका जमादार के पुत्र नारायण कुमार के रूप में की गई है। परिजनों ने बताया कि नारायण कुमार अपनी बाइक से तेल्हाड़ा से अपने गांव इचहोस तकिया लौट रहे थे। इसी दौरान रतनपुरा गांव के पास इस्लामपुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक की बाइक तथा स्कॉर्पियो को जब्त कर थाना ले आई। पुलिस ने बताया कि इस दुर्घटना में स्कॉर्पियो चालक भी घायल हुआ है, जिसका इलाज कराया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# राजगीर में 5 अप्रैल को होगा आरएमपी का महाकुंभ, 500 से अधिक चिकित्सक होंगे शामिल

**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा) ।** जन जीवन संघ कार्यालय में एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता संघ के जिला अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार ने की। बैठक में बड़ी संख्या में ग्रामीण मेडिकल प्रैक्टिशनरों (आरएमपी) की उप. स्थिति रही। बैठक को संबोधित करते हुए संघ के प्रदेश महासचिव डॉ. विपिन कुमार सिन्हा ने बताया कि आगामी 5 अप्रैल को राजगीर स्थित सरस्वती भवन में राज्यस्तरीय आरएमपी सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस सम्मेलन में नालंदा, नवादा, गया, जहानाबाद, शेखपुरा, पटना सहित कई जिलों के लगभग 500 ग्रामीण मेडिकल प्रैक्टिशनर भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि सम्मेलन के दौरान प्रतिभागियों को प्रशिक्षण देने के लिए पटना के प्रसिद्ध कैंसर सर्जन डॉ. नवीन कुमार तथा बिहारशरीफ के कई विशेषज्ञ चिकित्सक उपस्थित रहेंगे। ये विशेषज्ञ गंभीर बीमारियों की पहचान और प्राथमिक उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी देंगे। सम्मेलन के दौरान संघ द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित कर सेवा देने वाले आरएमपी को सम्मा. नित भी किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ. नवीन कुमार द्वारा किया जाएगा।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री एवं परिवहन मंत्री श्री श्रवण कुमार को आमंत्रित किया गया है। वहीं, नालंदा के लोकप्रिय सांसद श्री कौशलेंद्र कुमार के भी कार्यक्रम में शामिल होने की संभावना है। बैठक में संघ के सचिव डॉ. संजय कुमार, डॉ. नवीन कुमार, डॉ. भोला प्रसाद, डॉ. कुंदन कुमार, डॉ. ओम प्रकाश, देवेंद्र प्रसाद, आशा सिंह सहित सैकड़ों आरएमपी सदस्य उपस्थित रहे। अंत में संघ के कोषाध्यक्ष डॉ. शशि भूषण प्रसाद ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

# नालंदा में हत्यारोपी को पकड़ने गई पुलिस टीम पर हमला, तीन एस.आई घायल, आरोपी समेत चार गिरफ्तार

**केशववाणी रानी सिन्हा की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** नालंदा जिले के बिहार थाना क्षेत्र अंतर्गत टिकुली पर मोहल्ले में बीती रात उस समय अफरा–तफरी मच गई, जब एक हत्यारोपी को गिरफ्तार करने पहुंची पुलिस टीम पर उसके परिजनों ने हमला कर दिया। इस दौरान हुई रोड़ेबाजी में तीन सब–इंस्पेक्टर (एस.आई) रैंक के पुलिस पदा. धिकारी घायल हो गए। बिहार थाना अध्यक्ष सम्राट दीपक ने बताया कि मामला वर्ष 1999 का है। गुजरात में बिहार थाना क्षेत्र के टिकुली पर निवासी राजेश कुमार उर्फ गोरेलाल ने आपसी विवाद में इंद्रदेव महतो नामक व्यक्ति की चाकू मारकर हत्या कर दी थी। इसी मामले में आरोपी की गिरफ्तारी के लिए गुजरात पुलिस की टीम बिहारशरीफ पहुंची थी। देर रात बिहार थाना पुलिस और गुजरात पुलिस की संयुक्त टीम जब आरोपी के घर दबिश देने पहुंची, तो परिजनों ने गिरफ्तारी का विरोध शुरू कर दिया। देखते ही देखते आरोपी की पत्नी माया देवी, बेटी आरती कुमारी और पुत्र बॉबी कुमार ने पुलिस टीम पर पथराव शुरू कर दिया। अचानक हुए इस हमले में तीन सब–इंस्पेक्टर घायल हो गए। घटना के बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए इलाके की घेराबंदी कर दी और मुख्य आरोपी राजेश कुमार के साथ–साथ हमले में शामिल उसकी पत्नी और दोनों बच्चों को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस टीम पर हमला करने के मामले में बिहार थाना में अलग से प्राथमिकी दर्ज की गई है। वहीं, मुख्य आरोपी को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद गुजरात पुलिस अपने साथ ले गई है।

# थरथरी बाजार में बदमाशों का तांडव : बैंक परिसर में घुसकर मारपीट, तोड़फोड़ और फायरिंग, एक का हाथ टूटा

**केशववाणी रानी सिन्हा की रिपोर्ट थरथरी (नालंदा)।** थरथरी बाजार शनिवार को अपराधियों के दुस्साहस का गवाह बना, जब बाइक सवार आधा दर्जन से अधिक बदमाशों ने दिनदहाड़े बैंक परिसर में घुसकर मारपीट, तोड़फोड़ और फायरिंग की घटना को अंजाम दिया। इस घटना से पूरे इलाके में दहशत का माहौल कायम हो गया। जानकारी के अनुसार सभी बदमाश बाइक पर सवार होकर थरथरी बाजार पहुंचे और सीधे मध्य बिहार ग्रामीण बैंक परिसर में घुस गए। शनिवार होने के कारण बैंक और ग्राहक सेवा केंद्र बंद था। इसी दौरान बदमाशों ने बैंक के नीचे स्थित अविनाश साइबर कैफे में घुसकर संचालक हरेराम कुमार के साथ बेरहमी से मारपीट की, जिससे उनका दाहिना हाथ टूट गया। साथ ही दुकान में रखे कंप्यूटर, प्रिंटर सहित अन्य सामानों में तोड़फोड़ कर करीब 50 हजार रुपये की क्षति पहुंचाई। इतना ही नहीं, पास में स्थित श्री सिया मेंस पार्लर के संचालक रोहित कुमार और रौकी कुमार के साथ भी बदमाशों ने मारपीट की। पीड़ित हरेराम कुमार ने बताया कि 24 मार्च को गैस सिलेंडर लेने के दौरान हुए विवाद को लेकर ही बदमाशों ने इस घटना को अंजाम दिया। उन्होंने बताया कि बदमाश कह रहे थे, "इसे गोली मार दो", घटना को अंजाम देने के बाद सभी बदमाश लाठी–डंडा और कट्टा लहराते हुए अपाची बाइक एवं बुलेट से भाग निकले।




भागते समय उन्होंने थरथरी बाजार में फायरिंग की और मुहाने नदी पार करने के बाद भी एक राउंड फायर किया। इसके बाद वे अलंग के रास्ते अदलचक की ओर फरार हो गए।सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष साजिद अख्तर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल से एक खोखा बरामद किया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। थानाध्यक्ष ने दावा किया है कि सभी बदमाशों की पहचान कर जल्द ही गिरफ्तारी की जाएगी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अचानक हुई फायरिंग से बाजार में भगदड़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई और लोग अपनी जान बचाने के लिए छिपने को मजबूर हो गए। उल्लेखनीय है कि इसी परिसर में मिनी स्टेट बैंक का ग्राहक सेवा केंद्र भी संचा. लित होता है, जो शनिवार होने के कारण बंद था। घटना के बाद पूरे इलाके में भय और असुरक्षा का माहौल व्याप्त है।

# द्वितीय पैरा लॉन बाउल्स नेशनल चौंपियनशिप में बिहार का शानदार प्रदर्शन, 9 पदक जीतकर बढ़ाया मान




**केशववाणी रानी सिन्हा की रिपोर्ट (पटना)।** बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पाटलिपुत्र खेल परिसर, कंकड़बाग, पटना द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार 25 से 28 मार्च तक असम के अर्जुन भोगेश्वर बरूआ स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित द्वितीय पैरा लॉन बाउल्स नेशनल चौंपियनशिप 2025–26 में बिहार टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 9 पदक अपने नाम किए। बिहार पैरा लॉन बाउल्स टीम ने इस प्रतियोगिता में 1 स्वर्ण, 6 रजत और 2 कांस्य पदक जीतकर राज्य को गौरवान्वित किया है। खिलाड़ियों के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन से प्रदेश में खेलों के प्रति उत्साह और भी बढ़ा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक सह मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी श्री रवीन्द्रण शंकरण ने बताया कि प्रतियोगिता में बिहार टीम का प्रदर्शन अत्यंत सराहनीय रहा। खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट खेल कौशल का परिचय देते हुए कुल 9 पदक जीतकर राज्य का मान बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि बिहार के अन्य खिलाड़ियों के लिए भी प्रेरणादायक है और भविष्य में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित करेगी।

अपने क्षेत्र की खबर भेजने और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
7033325120

# बिहारशरीफ नगर निगम का 2026–27 बजट पारित, विकास कार्यों और सुविधाओं पर फोकस

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** बिहारशरीफ नगर निगम की बोर्ड बैठक शनिवार को नगर निगम कार्यालय में महापौर श्रीमती अनीता देवी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में उपमह. ापौर श्रीमती आईशा शाहीन, नगर आयुक्त कुमार निशांत विवेक, उप नगर आयुक्त शम्स रजा सहित सभी पार्षद, पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान महापौर द्वारा वित्तीय वर्ष 2026–27 का वार्षिक बजट प्रस्तुत किया गया, जिस पर विस्तृत चर्चा के बाद सदस्यों ने सव. 'सम्मति से ध्वनिमत के जरिए बजट को पारित कर दिया। प्रस्तुत बजट के अनुसार नगर निगम का प्रारंभिक शेष ₹2,45,81,65,568 है। वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए अनुमानित आय ₹1,78,87,07,000 निर्धारित की गई है, जिससे कुल अनुमानित आय ₹4,24,68,72,568 हो जाती है। वहीं अनुमानित व्यय ₹2,06,87,45,000 रखा गया है। इस प्रकार निगम को ₹2,17,81,27,568 का अनुमानित लाभ प्राप्त होने की संभावना है। बैठक में शहर के विकास और नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। निगम क्षेत्र में प्रोपर्टी टैक्स नहीं देने वाले मकानों का सर्वे कर टैक्स वसूली सुनिश्चित करने, ट्रेड लाइसेंस की शत–प्रतिशत वसूली, जन्म–मृत्यु प्रमाण पत्र समय पर जारी करने तथा




असर्वेक्षित भूमि पर सरकारी योजनाओं के लाभ के लिए राज्य सरकार से मार्गदर्शन लेने का निर्णय लिया गया।इसके अलावा सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फेंकने वालों पर जुर्माना लगाने, शवदाह गृह के संचालन के लिए नीति बनाने, कबीर अंत्येष्टि योजना का भुगतान समय पर करने तथा सभी वार्डों में खेलकूद को बढ़ावा देने के लिए क्रिकेट और बैडमिंटन टूर्नामेंट आयोजित करने का प्रस्ताव पारित किया गया। साथ ही मेधावी छात्र–छात्राओं को सम्मानित करने का भी निर्णय लिया गया। बैठक के अंत में महापौर ने सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए बैठक की कार्यवाही समाप्त की।



# राजगीर में निकाली गयी रामनवमी भव्य शोभायात्रा

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर(नालंदा)।** राजगीर में शनिवार को रामनवमी की भव्य शोभायात्रा निकाला गया। पूरा शहर भक्तिमय माहौल में रंगा नजर आया। जय श्री राम के उद्घोष से शहर गुंजायमान होता रहा। महिलाओं व युवाओं की टोली ढोल–नगाड़ों और डीजे की धुन पर झूमते–नाचते नजर आए। शोभायात्रा निचली बाजार स्थित महावीर मंदिर से शुरू हुई। यह यात्रा शहर के विभिन्न रास्तों से होते हुए गुजरी। इसमें श्रीराम, भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न के साथ अयोध्या नरेश दशरथ, भक्त हनुमान और ऋषि–मुनियों की सजीव झांकियां रथों पर सवार दिखी। इसमें शहर के विभिन्न धार्मिक पीठों के धर्माचार्य, संत–महंत एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। महामंडलेश्वर स्वामी विवेक मुनि एवं महामंडलेश्वर स्वामी अंतर्यामी शरण की उपस्थिति ने आयोजन की गरिमा को और बढ़ाया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया।

**शोभा यात्रा राजगीर की संस्कृति व एकता का प्रतीक – अनिता कुमारी गुप्ता**

रामनवमी के शोभायात्रा में शामिल लोगों की सु. विधा के लिए जगह–जगह पर संगठनों द्वारा पानी शरबत, चाय, दूध, लस्सी और विभिन्न तरह के फल का वितरण किया गया।




जीवन संगिनी क्रिएशन प्रोपराइटर समाजसेवी अंतरा साव ने भी सेवा प्रदान की। उन्होंने कहा कि यह अवसर हमें सेवा और भक्ति का संदेश देता है। इस अवसर पर नगर परिषद राजगीर के पूर्व मुख्य पार्षद प्रत्याशी सह जागरूकता अभियान के सचिव समाजसेवी अनिता कुमारी गुप्ता ने भी अपना योगदान दिया। उन्होंने कहा कि यह शोभायात्रा राजगीर की संस्कृति और एकता का प्रतीक है। शोभा यात्रा का आयोजन रामनवमी विराट शोभायात्रा समिति के द्वारा किया गया।

# सरकारी स्कूल के बच्चे भी अपनी प्रतिभा का मनवा रहे लोहा

## सुविधा मिली तो बेटियों ने भरी ऊंची उड़ान, मुस्कान नवादा आवासीय विद्यालय के लिए हुई चयनित


**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर(नालंदा)।** सरकारी स्कूलों में शिक्षा के बदलते स्तर और शिक्षकों की मेहनत अब रंग लाने लगी है। उत्क्रमित मध्य विद्यालय नालंदा विद्यापीठ की छात्रा मुस्कान कुमारी ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय उच्च विद्यालय नवादा में कक्षा 8 के लिए अपना स्थान सुरक्षित किया है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर शनिवार को विद्यालय परिसर में मुस्कान के लिए एक भव्य सम्मान सह विदाई समारोह का आयोजन किया गया। संकुल समन्वयक संजीत कुमार ने कहा आज सरकारी स्कूलों की स्थिति बदल गई है। पहले माना जाता था कि केवल प्राइवेट स्कूलों के बच्चे ही प्रतियोगिता परीक्षाओं में सफल होते हैं। सरकारी स्कूल के योग्य शिक्षकों के समर्पण से अब हमारे बच्चे हर क्षेत्र में परचम लहरा रहे हैं। अनुशासित छात्र ही भविष्य की बुलंदियों को छूते हैं। हेडमास्टर अशोक कुमार ने बताया कि विद्यालय के सात बच्चों ने इस प्रतियोगिता परीक्षा में भाग लिया था, जिसमें मुस्कान ने सफलता हासिल की। उन्होंने कहा कि छात्रा का चयन शिक्षकों के मार्गदर्शन और उसके खुद के कड़े परिश्रम का परिणाम है।




समारोह के दौरान सफल छात्रा मुस्कान को प्रधानाध्यापक और वरीय शिक्षकों द्वारा अंगवस्त्र मेडल और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर उसकी उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस मौके पर वरीय शिक्षक बुधन पासवान, कंचन कुमारी, सुधा कुमारी, अर्पणा कुमारी, कुमार अमिताभ, सरस्वती साक्षी प्रभा सहित अन्य शामिल थे।

# नालंदा का लाल हुआ अमर– लेह में तैनात सूबेदार सुमन कुमार सिंह का निधन, गांव में गूंजे 'अमर रहें' के नारे

**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट (नालंदा)।** देश की सरहदों की रक्षा करते हुए नालंदा के एक और वीर सपूत ने प्राण न्योछावर कर दिए। लेह–सियाचिन की दुर्गम पहाड़ियों पर तैनात सूबेदार सुमन कुमार सिंह का इलाज के दौरान निधन हो गया। शनिवार को जब उनका पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव पहुंचा, तो पूरा क्षेत्र 'सुमन सिंह अमर रहें' के नारों से गूंज उठा। परिजनों और ग्रामीणों ने नम आंखों से अपने वीर सपूत को अंतिम विदाई दी। परि. जनों और साथी जवानों के अनुसार सुमन कुमार सिंह एक ईमानदार और कर्तव्यनिष्ठ सैन्य अधिकारी थे। उनकी तैनाती लेह के अत्यंत कठिन और विषम परिस्थितियों वाले क्षेत्र में थी, जहां कड़ाके की ठंड, भारी बर्फबारी और हिमस्खलन के बीच वे अपनी जिम्मेदारियां निभा रहे थे। इसी दौरान उनकी तबीयत बिगड़ गई और उन्हें पीलिया (जॉन्डिस) की शिकायत हुई, जो आगे चलकर गंभीर रूप लेते हुए पैरालिसिस और ब्लड कैंसर में बदल गई। हालत नाजुक होने पर उन्हें कमांड हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों के प्रयास के बावजूद उनका निधन हो गया। शहीद के पार्थिव शरीर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों और मंत्री ने पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान ग्रामीण विकास एवं परिवहन मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि सुमन कुमार सिंह लंबे समय से देश की सेवा में समर्पित थे। उनकी शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी। सरकार इस कठिन समय में उनके परिवार के साथ खड़ी है और नियमानुसार मिलने वाली सभी सहायता एवं सुविधाएं परिजनों को उपलब्ध कराई जाएंगी।



शहीद के चचेरे भाई, जो सीआईएसएफ में सब–इंस्पेक्टर हैं, ने बताया कि सुमन कुमार सिंह करीब एक महीने पहले ही लेह से बबीना (उत्तर प्रदेश) स्थानांतरित हुए थे, जहां उनकी बीमारी का पता चला। उन्होंने भावुक होकर कहा कि उनकी इच्छा है कि गांव या क्षेत्र में सुमन कुमार सिंह की स्मृति में 'शहीद स्थल' या 'शहीद यात्री शेड' का निर्माण कराया जाए, ताकि आने वाली पीढ़ियां उनकी वीरता से प्रेरणा ले सकें और उनका नाम सदैव अमर रहे।



# इमली बीघा गांव में अखंड कीर्तन को लेकर 151 महिला श्रद्धालुओं के द्वारा निकाली गई भव्य कलश शोभा यात्रा

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट रहूई(नालंदा)।** रहूई प्रखंड क्षेत्र के सुपासंग पंचायत के इमली बीघा गांव में रामनवमी पर्व के शुभ अवसर पर श्री श्री 108 अखंड कीर्तन समारोह का आयोजन किया गया है। अखंड कीर्तन को लेकर बजरंगबली स्थान परिसर में मंडप का निर्माण किया गया है। आयोजन कर्ताओं ने बताया कि समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से प्रत्येक साल की तरह इस साल भी गांव में स्थित बजरंगबली स्थान में 24 घंटे का अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया है। अखंड कीर्तन के एक दिन पूर्व शनिवार को 151 महिला श्रद्धालु एवं कन्याकुमारी के द्वारा कलश शोभा यात्रा निकाला गया। बख्तियारपुर स्थित गयासपुर गंगा घाट से पूर्व में लाए गए गंगाजल को धमौली डीह स्थित ब्रह्मस्थान मंदिर में रखा गया। वहां से पंडितों के द्वारा विधि विधान से मंत्र उच्चारण करने के बाद कलश में जल भर गया। उसके बाद माथे पर कलश को लेकर सभी श्रद्धालु डीजे पर बीजे रहे भक्ति गीतों पर नाचते झूमते हुए धमौली बाजार एवं पूरा क्षेत्र भ्रमण करने के बाद पुनः बजरंगबली स्थान पहुंचा,जहां कलश को स्थापित किया गया. पंडित शास्त्री जी ने बताया कि जिस जगह पर अखंड कीर्तन का आयोजन होता है वहां की वातावरण शुद्ध हो जाता है। वही कार्यकर्ताओं ने बताया कि रविवार की सुबह से 24 घंटे का अखंड कीर्तन प्रारंभ हो जाएगा। वहीं सोमवार को अखंड कीर्तन समापन के बाद पूर्णाहुति एवं प्रसाद का वितरण किया जाएगा। गांव की सुख समृद्धि एवं शांति की कामना को लेकर यहां पर कई बरसों से भक्ति अनुष्ठान कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। अखंड कीर्तन का आयोजन होने से गांव में भक्ति मय का वातावरण बना हुआ है। ग्रामीण लोग भक्ति के प्रति काफी उत्साहित है। आयोजन को लेकर बजरंगबली स्थान परिसर को दुल्हन की तरह सजा दिया गया है। वही मौके पर पुजारी–रमेश कुमार,प्रेम कुमार ,कार्यकर्ता यदुनंदन पासवान, अशोक यादव, शैलेश कुमार, बुंदेला पासवान उर्फ टेनी जी, बिरजू यादव,अरुण, सुबा. धन ,केदार, अरविंद, शंकर, शोषण, करवेंदर, अजय,अमित,नीतीश,बबलू,आकाश,पुष्पराज समेत सैकड़ो ग्राम वासियों मौजूद थे।

# नालंदा में LPG गैस की कोई कमी नहीं, अफवाहों से बचें– डीएम कुंदन कुमार

**केशववाणी (नालंदा)।** जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार ने जिले में एलपीजी गैस सिलेंडर की कमी को लेकर फैल रही अफवाहों का खंडन करते हुए स्पष्ट किया है कि नालंदा जिले में गैस सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। तेल विपणन कंपनियों द्वारा मांग के अनुरूप लगातार आपूर्ति की जा रही है और उपभोक्ताओं को गैस रिफिलिंग के लिए आवेदन के अनुसार समय पर सिलेंडर उपलब्ध कराया जा रहा है।डीएम ने बताया कि तेल कंपनियों के एरिया मैनेजर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिले में संचालित तीनों तेल विपणन कंपनियों की कुल 54 गैस एजेंसियों के माध्यम से प्रतिदिन औसतन करीब 16,131 एलपीजी सिलेंडर उपभोक्ताओं को वितरित किए जा रहे हैं। उन्होंने आमजनों से अपील की है कि गैस की कमी को लेकर फैल रही अफवाहों पर ध्यान न दें और सतर्क रहें। साथ ही उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए जिला स्तर पर कंट्रोल रूम (टोल फ्री नंबर: 06112–233168) संचालित किया जा रहा है,जहां गैस बुकिंग या अन्य समस्याओं को दर्ज कराया जा सकता है। प्राप्त शिकायतों का त्वरित समाधान संबंधित अधिकारियों के माध्यम से किया जा रहा है। डीएम ने यह भी बताया कि विभागीय निर्देशानुसार गैस एजेंसियों और संबंधित स्थलों का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। जमाखोरी और कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। उन्होंने चेता. वनी दी कि यदि कोई व्यक्ति एलपीजी सिलेंडरों की जमाखोरी, कालाबाजारी या घरेलू गैस का व्यावसायिक उपयोग करते पाया गया, तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

